# 'वर्षा जनित कारणों से शून्य जनहानि व त्वरित व्यवस्था बहाली हो प्राथमिकता'

■ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** आगामी वर्षा ऋतु में संभावित बाढ़ एवं अतिवृष्टि से उत्पन्न होने वाली स्थितियों से निपटने की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई। इसमें जिला कलक्टर ने वर्षा जनित कारणों से शून्य जनहानि सुनिश्चित करने तथा मानसून से प्रभावित होने वाली बिजली-पानी आदि व्यवस्थाओं को त्वरित रूप से बहाल करने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।

प्रारंभ में एडीएम प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य सचिव दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने जल संसाधन विभाग, युडीए, नगर निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पशुपालन, मत्स्य, सिविल डिफेंन्स आदि विभागों के अधिकारियों से आपदा प्रबंधन तैयारियों की जानकारी लेते हुए अपेक्षित व्यवस्थाओं पर चर्चा की। जिला कलक्टर मेहता ने युडीए व नगर निगम को शहर के सभी जल निकासी नालों की शत प्रतिशत सफाई कराने,आपात स्थिति के मद्देनजर अतिरिक्त मड पम्प, जेसीबी आदि संसाधनों तथा रेपिड रेस्पोंस टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उदयपुर में मानसून के दौरान पेड़ व विद्युत पोल गिरने की घटनाएं अधिक होती हैं, ऐसे हालातों में व्यवस्थाएं त्वरित गति से बहाल करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाए। उन्होंने जल भराव वाले क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पहले से ही जल निकासी के लिए अस्थायी नाला खोदकर उसकी बेरिकेटिंग कराने के भी निर्देश दिए।



जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

जल संसाधन विभाग को सभी विभागों से समन्वय करते हुए बाढ़ नियंत्रण की पूर्ण प्लानिंग कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, बांध-तालाबों में रिसाव की स्थिति पर त्वरित सूचना संप्रेषण एवं तत्काल रिस्टोरेशन कार्यवाही की व्यवस्था राने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग को जीवन रक्षक दवाओं तथा मोबाइल चिकित्सा टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पशु पालन विभाग को भी दवाओं के साथ पशु चिकित्सा टीमों को तैयार रखने के लिए निर्देशित किया। पीडब्ल्यूडी को आवश्यकतानुसार सड़कों की मरम्मत कराने, वर्षा के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों-पुलियाओं को अस्थायी रूप से तत्काल ठीक कराकर आवागमन बहाल करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, गिर्वा एसडीएम सोनिका कुमारी, युडीए सचिव हेमेंद्र नागर, जल संसाधन अधीक्षण अभियंता मनोज जैन, पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता राजीव अग्रवाल, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता रविन्द्र चौधरी, अजमेर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता केआर मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एडीएम राठौड़ ने बताया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित है। इसका दूरभाष नंबर 0294.2414620 तथा टोल फ्री नंबर 1077 है। इस पर जिले भर से शिकायतें व सूचनाएं प्राप्त होती हैं। कंट्रोल रूम की ओर से संबंधित विभाग को सूचना प्रेषित की जाती है, लेकिन कई विभागीय अधिकारी कंट्रोल रूम का कॉल रिसीव नहीं करते और करते भी हैं तो गैर जिम्मेदाराना जवाब देते हैं। इस पर जिला कलक्टर मेहता ने नाराजगी जताते हुए कंट्रोल रूम के कॉल को गंभीरता से लेने की हिदायत दी। साथ ही कॉल रिसीव नहीं करने वाले अधिकारियों को चार्जशीट थमाने के निर्देश एडीएम को दिए।

इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागों को मानसून सत्र के मद्देनजर अपने विभागीय नियंत्रण कक्षों को एक्टिव करने तथा सूचनाओं का गुणवत्तापूर्ण आदान-प्रदान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने नगर निगम और युडीए को अभियान चलाकर शहर में सभी नालों आदि के डेंजर पाईंट चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी स्थल जहां पूर्व में हादसे हुए हैं अथवा होने की संभावना हो, वहां पहले से ही जरूरी बेरिकेटिंग कराई जाए। साथ ही शहर सहित जिले भर में नदी-नालों और तालाबों पर चेतावनी बोर्ड लगवाने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर मेहता ने मानसून के दौर में झीलों में हादसों की संभावना के मद्देनजर सिविल डिफरेंस को प्रत्येक झील पर एक या दो गोताखोर की ड्यूटी लगाने तथा मौके पर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्थान तय करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने मानसून के दौरान नदी-नालों वाले पिकनिक स्पॉट यथा नांदेश्वर चैनल सीसारमा आदि स्थलों को चिन्हित कर वहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शहर सहित जिले भर में नगर निकायों को जर्जर भवन चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही मानसून के दौरान उन भवनों में कोई नहीं रहे यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी तरह की जनहानि की संभावना नहीं रहे।

जिला कलक्टर ने विद्युत निगम को मानसून के दौरान बिजली व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। वर्षा के दौरान प्रभावित होने वाली आपूर्ति को यथाशीघ्र बहाल करने के लिए टीमों को जरूरी संसाधनों के साथ तैनात रखने के लिए पाबंद किया।

## शिविर का किया अवलोकन

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय राजसमन्द, जिला शिक्षा विभाग एवं स्थानीय संघ मुख्यालय के तत्वाधान में शिविर निर्देशक अभिलाषा मिश्रा के निर्देशन में संचालित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरूचि प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त ने अवलोकन कर प्रशिक्षणार्थियों एवं संचालक दल मंडल का आभार व्यक्त किया। शिविर प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि मंगलवार को प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर प्रमोद पालीवाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश टांक व राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने शिविर का अवलोकन किया व बालक-बालिकाओं द्वारा विभिन्न कलाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर अलग-अलग विषयों में दक्षता हासिल करने की विधा की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर ने बालक-बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप द्वारा सिखी गई कला निश्चित रूप से आपके भावी जीवन में रोजगार कमाने का जरियां भी बन सकती हैं। आप इस शिविर में जो भी ट्रेड सीख रहे हैं, उसे दुसरों को सिखाएं क्यों की विद्या जितनी बांटी जाती है उतनी ही बढती हैं। सहायक शिविर प्रभारी कुलदीप चौधरी ने बताया की इस शिविर में डांस व नृत्य, सिलाई, मैहन्दी, ब्युटीशियन, कम्प्युटर, इंग्लिश स्पोकन, पेन्टींग, स्केटींग आदि विद्याओं में दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। चौधरी ने बताया की इस शिविर में जो भी बालक-बालिकाएं व महिलाएं प्रवेश लेना चाहते है वें श्री बालकृष्ण विद्या भवन राउमावि कांकरोली के प्रांगण में प्रवेश फार्म भरकर प्रवेश पा सकते हैं।

## सार-समाचार

### चिकित्सालय में प्याऊ का जीर्णोद्धार

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर के स्व. गुलाबसिंह शक्तावत राजकीय जिला चिकित्सालय में मरीजों और तीमारदारों के लिए वर्षों पुरानी पेयजल प्याऊ का जीर्णोद्धार कर उसे आधुनिक स्वरूप दिया गया है। भीण्डर क्लब की प्रेरणा से यह कार्य स्थानीय वया परिवार द्वारा उनके दिवंगत माता-पिता की स्मृति में संपन्न करवाया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पताल परिसर में शीतल पेयजल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। पुराने ढांचे की प्याऊ से केवल सामान्य पानी की आपूर्ति हो रही थी और संरचना भी जर्जर हो चुकी थी। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भीण्डर क्लब ने इस सेवा कार्य की पहल की। इसके बाद पंकज वया व अनीता वया ने अपने स्वर्गीय माता-पिता भंवरलाल वया एवं मांगीबाई वया की स्मृति में प्याऊ के पूर्ण जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया। भीण्डर हॉस्पिटल परिसर में बनी हुई प्याऊ भर्ती मरीजों के तीमारदारों व आमजन के लिए प्रमुख पेयजल का स्त्रोत है। यहां पर पहले केवल टंकी से सामान्य पानी की आपूर्ति होती थी और प्याऊ भी जीर्णशीर्ण हो रही थी। लेकिन गर्मी को देखते हुए शीतल पेयजल की आवश्यकता लगने पर भीण्डर क्लब द्वारा प्रेरित करते हुए भीण्डर निवासी पंकज वया व अनिता वया ने अपने माता-पिता स्व. भंवर लाल वया व मांगी बाई की स्मृति में वाटर कूलर लगाने के साथ-साथ प्याऊ का जीर्णोद्धार करवाया। जिसमें नई पाइप लाइन, रंगरोगन, सफाई और हॉस्पिटल नलकूप से लगातार पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन लगवाई।

### दो दिवसीय अमावस्या मेला सम्पन्न

**मंडफिया, (निसं)।** भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार का दो दिवसीय अमावस्या मेला मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस दो दिवसीय मेले में लाखों भक्तों ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। मंदिर प्रशासन की ओर से भक्तों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई। सभी भक्तों को पंक्तिबद्ध कम से दर्शन कराए गए। अमावस्या पर्व पर शाम 5 बजे देवकी सदन धर्मशाला में ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रेम पूर्वक बैठकर भोजन ठाहण किया। मेले की व्यवस्था में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभा गौतम, भदेसर उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांशु पांडे, तहसीलदार शिव सिंह, भादसोड़ा नायब तहसीलदार शिव शंकर पारीक, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरक्षा प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत, संपदा प्रभारी भेरुगिरी गोस्वामी, संस्थापन प्रभारी लहरी लाल गाडरी आदि उपस्थित थे। मेले में कानून व्यवस्था के तहत भारी पुलिस बल तैनात था।

### प्रताप को पुष्पांजलि अर्पित की

**उदयपुर, (कासं)।** प्रताप जयंती पर रक्तदान 87 रक्तवीरो ने रक्तदान कियाक्षत्रिय महासभा के प्रवक्ता रणवीर सिंह जोलावास ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती साप्ताहिक समारोह के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेवाड, कृष्ण कल्याण संस्थान एवं महादेव सेना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 87 रक्त वीरों ने रक्तदान कर समाज में सेवा और समर्पण की अद्वितीय मिसाल पेश की। शिविर की शुरुआत प्रात: 9 बजे महाराणा प्रताप को पुष्पांजलि अर्पित की। रक्तदान में सभी समाजवर्ग ने अपनी भागीदारी रखी तथा रक्तदान के लिए अनेक प्रेरक उदाहरण देखने को मिले । दिव्यांग प्रताप भक्त लोकेश चौधरी ने अपने दोनों हाथ न होने अपनी जांघों से रक्त देने की बात कही।

### फ्लेट का ताला तोड़ कब्जा किया

**उदयपुर, (कासं)।** फाईनेंस कंपनी द्वारा सीज किए फ्लेट का ताला तोड़ कब्जा करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलदीप द्विवेदी पुत्र सुरेश द्विवेदी निवासी यूआईटी कालोनी पुरोहितों की मादड़ी प्रतापनगर हॉल ओरिक्स लीजिंग एड फाईनेंशियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड फील्ड कलेक्शन ऑफिसर शाखा उदयपुर मधुवन ने गौरव कलाल केखिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि जयश्री कृष्णा रेजीडेंसी भुवाणा में स्थित है। आरोपी गौरव कलाल व उसकी फर्म को हमारे ओरिक्स लीजींग एंड फाईनेंशियल सर्विसज इंडिया लि. बैंक ने 58 जाख रूपये का ऋण दिया गया बदले में फ्लेट गिरवी रखा थाा। किश्ते नहीं चुकाए जाने पर विधिक कार्यवाही कर फ्लेट को हमारे कब्जे में लिया। जिसकी निलामी बोली में जनवरी 25 में कुलदीप सैयावत और मधुबाला सैयावत को विक्रय की गई। 7 अप्रेल को मौके पर पहुंच कर देखा तो गौरव कलाल द्वारा कंपनी का ताला तोड़ कर फ्लेट किसी अन्य को किराए देने की जानकारी मिली।

### अवैध वसूली का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** सुखेर थाना पुलिस ने इनामी बदमाश हिस्ट्रीशिटर दिलीपनाथ के खिलाफ पीडित से अवैध रूप से नकदी मांगने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ललित डांगी पुत्र नवलराम डांगी निवासी पावटीवाला मौहल्ला सापेटिया ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिस में उसनेबतायाा कि 25 मई को मेरे मोबाईल नंबर पर फोन आया। और मुझे बोला कि मैं दिलीपनाथ बोल रहा हूं तूने अभी जमीन बेची है तेरे पास बहुत पैसा आया है चुपचाप मुझे पांच लाख रूपये भेज देना नहीं भेजने पर अंजाम भुगतने को तैयार रहना । इस डर के भय से पुलिस थाने पहुंच इस संबंध में प्रकरण दर्ज करवाया।

### दस लाख की ऑनलाईन ठगी

**उदयपुर, (कासं)।** कमीशन का झांसा देकर दस लाख रूपये से अधिक की ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मेघवालों का मोहल्ला नाई निवासी जीतमल पुत्र उदयलाल मेघवाल ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि फेसबुक पर वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन देख कर दिए गए लिंक पर क्लिक किया। कुछ ही देर बाद ठुप से जुडने के बाद कमीशन पर काम करने पर अच्छा निवेश करने की जानकारी मिली। इस पर समय समय पर 20 मई से 24 मई तक ग्रुप में प्राप्त संदेशानुसार टुकड़ों टुकड़ों में 10 लाख 65 हजार 621 रूपये आरोपी के बताए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। इसका कोई लाभ नहीं मिला और न ही नकदी वापस मिली। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच जांच सीआई रामनिवास विश्नोई को सौंपी।

## पीएमसीएच में दुर्लभ बीमारी की सफल सर्जरी

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के बाल एवं शिशू रोग सर्जरी विभाग में 42 दिन के शिशु के शरीर में पाए जाने वाले एक अत्यंत दुर्लभ और जटिल ट्यूमर मेलानोटिक न्यूरोएक्टोडर्मल ट्यूमर ऑफ इन्फैंसी की सफल सर्जरी की गई है। इस सफल ऑपरेशन में बाल एवं नवजात शिशु सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर,ऑन्को सर्जन डॉ.सौरभ शर्मा,ऐनेस्थिशिया विभाग के डॉ.प्रकाश औदिच्य, डॉ.कृष्ण गोपाल, डॉ.स्वाति, डॉ.अजय, विष्णू, विवेक,मनीष एवं कल्पेश की टीम का सहयोग रहा।

दरअसल जयसमन्द के पिलादर निवासी 42 दिन के बच्चे को जन्म के 15 दिन बाद ही मुँह में गॉठ हो गई परिजन उसे हॉस्पिटल ले गए,एक दिन में गॉठ बढ गई और दवाई देने के बाद सडने लग गई। चिकित्सकों ने अहमदाबाद ले जाने की सलाह दी। लेकिन गॉव में रहने वाले परिचित ने परिजनो को पेसिफिक हॉस्पिटल बेदला में डॉ.प्रवीण झंवर को दिखाने की सलाह दी। परिजन बच्चें को पीएमसीएच लेकर आए और डॉ.झंवर को दिखाने पर पता चला की बच्चे के दुर्लभ मेलानोटिक न्यूरोएक्टोडर्मल ट्यूमर है जिसका ऑपरेशन द्वारा उपचार सम्भव था। बाल एवं नवजात शिशु सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर ने बताया कि अभी तह इस तरह के विश्व में केवल 600 केस ही दर्ज है जिसमें से ये सबसे कम उम्र का बच्चा है जिसका पीएमसीएच में सफल ऑपरेशन किया । डॉ.प्रवीण ने बताया कि मेलानोटिक न्यूरोएक्टोडर्मल ट्यूमर बहुत ही दुर्लभ और तेजी से बढ़ने वाला ट्यूमर होता है। यदि समय पर इसका इलाज न किया जाए तो यह बच्चे के जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। हमने पूरी टीम के साथ मिलकर इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया। ऑपरेशन के बाद शिशु की हालत लगातार सुधार रहा । डॉ.झंवर ने स्पष्ट किया कि मेलानोटिक न्यूरोएक्टोडर्मल ट्यूमर ऑफ इन्फैंसी एक जन्मजात ट्यूमर होता है जो मुख्य रूप से 6 महीने से कम उम्र के शिशुओं में पाया जाता है। बच्चें के परिजनों ने पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल, ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल, सभी चिकित्सकों, मैनेजमेंट, नर्सिंग कर्मियों , स्टाफ का आभार जताया।


पीएमसीएच में पीड़ित मरीज चिकत्सक टीम के साथ।

## जिला कलक्टर ने ली बैठक

**राजसमंद, (निसं)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिले में भव्य जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन वंदे भारत उद्यान (महाराणा प्रताप उद्यान) पर किया जाएगा। साथ ही समस्त उपखंड एवं ग्राम स्तर पर भी कार्यक्रम होंगे। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ समंदर शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर 2 से 3 हजार, ब्लॉक स्तर पर 1 हजार एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 200-500व्यक्तियों की सहभागिता का लक्ष्य हैं। बैठक में जिला स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया गया तथा समन्वय के साथ समयबद्ध तैयारियों के निर्देश दिए गए। कलक्टर असावा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार हैं, जो तन, मन और आत्मा को संतुलित रखने में सहायक हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए योग के प्रति जागरूकता बढाई जाए।

## औद्योगिक भूखंडों की ई-नीलामी को लेकर बैठक


कलेक्ट्रेट सभागार में औद्योगिक भूखंडों की ई-नीलामी को लेकर आयोजित बैठक में दिशा-निर्देश देते कलक्टर बालमुकुंद असावा।

**राजसमंद,(निसं)।** रीको के बग्गड और धोइन्दा क्षेत्र में औद्योगिक भूखंडों की नीलामी प्रक्रिया की समीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक राधा किशन गुप्ता ने बताया कि जिले के उप नगर धोईन्दा औद्योगिक क्षेत्र में कुल 4 वाणिज्यिक भूखंड नीलामी के लिए प्रस्तावित हैं, जिनका क्षेत्रफल 378 वर्ग मीटर से 2959 वर्ग मीटर तक हैं। इनमें से एक भूखंड, जिसकी माप 2917 वर्ग मीटर है, सीएनजी स्टेशन के लिए आरक्षित किया गया हैं।

इन भूखंडों की बीड प्रारंभिक दर 16,000 से 18,000 रुपये प्रति वर्ग मीटर निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त 1 इंस्टीट्यूशनल भूखंड (माप 13,386 वर्ग मीटर) जिसकी प्रारंभिक दर 3,200 रुपये प्रति वर्ग मीटर है तथा 1 धर्म कांटा भूखंड (माप 544 वर्ग मीटर) जिसकी प्रारंभिक दर 15,000 रुपये प्रति वर्ग मीटर है, भी नीलामी के लिए उपलब्ध हैं।

## रातभर प्रेमिका के शव के साथ सोता रहा और अगले दिन भाई के साथ मिलकर दफनाया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** कहते हैं प्रेम अंधा होता है और इसी के चलते कई ऐसी सच्ची कहानियां बन जाती है जो सिवाय दर्द के कुछ और नहीं देती। ऐसा ही मामला जिले के घाटोल थाना क्षेत्र में देखने को मिला। जब एक प्रेमी ने बिना विवाह के ही अपनी प्रेमिका को अपने साथ घर पर रखा। चार-पांच माह से दोनों साथ ही रह रहे थे लेकिन इस दौरान प्रेमिका के पास किसी के फोन आने लगे। ये फोन प्रेमी बर्दाशत नहीं कर पाया तो प्रेमिका से समझाईश की और ज बवह नहीं मानी तो उसका गला घोंट दिया। रात भर शव के साथ ही सोता रहा और दूसरे दिन अपने भाई के साथ मिलकर प्रेमिका के शव को दफना दिया।

घाटोल थानाधिकारी प्रवीण सिंह सिसोदिया, ने बताया कि 24 मई को लालिया पुत्र कालिया निनामा निवासी झाकरनिया ने रिपोर्ट दी कि उसकी पुत्री विपाशा कुछ समय से उसके प्रेमी प्रदीप निनामा निवासी गरनावट के साथ रहती थी जो लगभग तीन-चार दिन से गाय है। प्रार्थी ने अपनी पुत्री विपाशा की हत्या का अंदेशा जताया। जिस पर प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर शव को छुपाने की आशंका होने पर उच्चाधिकारियों को घटना के संबंध में अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अठावाला ने घटना की गंभीरता पर त्वरित कार्यवाही कर मामले का पर्दाफाश करने के निर्देश दिये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज के सुपरविजन एवं पुलस उप अधीक्षक वृत घाटोल महेन्द्र कुमार के निकटतम पर्यवेक्षण में घाटोल थानाधिकारी प्रवीण सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गयी। इस टीम ने प्रदीप की तलाश करने के लिये जगह-जगह दबीशे दी एवं आरोपी को खमेरा थाना क्षेत्र के अमरपुरा से उसके रिश्तेदारों के घर से डिटेन किया एवं पूछताछ करने पर प्रदीप मन गढंत कहानियां सुनाकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा। पहले तो उसने बताया कि विपाशा उसके पास नहीं है वह बिना बताए कहीं पर चली गयी है। पुलिस टीम ने आरोपी प्रदीप से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह व विपाशा लगभग चार-पांच माह से बिना विवाह किए ही साथ में रहते थे जिसका सामाजिक भांजगड़ा भी नहीं हुआ था।

## सरहद पर सेवा देने गई अग्निशमन टीम लौटी


भारत-पाक तनाव के बीच सरहदी इलाकों में सेवा देने गई फायर फाईटर्स की टीम के उदयपुर पहुंचने पर स्वागत किया।

**उदयपुर, (कासं)।**भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनाव की स्थिति में राजस्थान सरकार के निर्देश पर उदयपुर नगर निगम की अग्निशमन टीम ने सरहदी इलाकों में जाकर राष्ट्र सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत निगम के 9 फायर फाइटर्स के साथ 18 प्रशिक्षित अग्निशमनकर्मियों की टीम को बाड़मेर जिले की सीमा पर आपातकालीन सेवाओं के लिए भेजा गया था। वहां विषम परिस्थितियों में डटकर काम करने के पश्चात टीम मंगलवार को उदयपुर लौटी तो नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश द्वारा सम्मान किया गया।

जिला मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी ने बताया कि 8 मई को पाकिस्तान सीमा से लगते इलाकों में आपातकालीन सेवाओं की आवश्यकता को देखते हुए राजस्थान सरकार द्वारा नगर निगम उदयपुर को निर्देश प्राप्त हुए। आदेश मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 दमकल वाहन और 18 अग्निशमनकर्मियों की एक विशेष टीम को बाड़मेर जिले की सीमा पर रवाना कर अपनी सेवा दी।

निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि निगम की टीम ने सरहद पर पहुंचते ही बिना किसी विलंब के अपनी सेवाएं देना आरंभ कर दिया। उच्च तापमान, धूल भरे तूफान, सीमित संसाधनों एवं लगातार बदलते हालातों के बावजूद टीम ने पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं साहस के साथ अपनी सेवा दी।

## पात्र व्यक्ति को समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो : राज्यपाल

**सलूंबर, (कासं)।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मंगलवार को सुबह सलूंबर पहुंचे, हेलीपेड पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई उसके पश्चात संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलेक्टर अवधेश मीना, पुलिस अधीक्षक राजेश यादव,सहित अधिकारियों और सलूंबर विधायक शान्ता अमृत लाल मीणा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर उन्होंने आम का पौध लगाया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में मंगलवार को सलूंबर कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं और कायक्रमों की अद्यतन प्रगति तथा प्राप्त उपलब्धियों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाएं बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने भौगोलिक परिस्थितियों एवं संसाधनों की कमी से प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार के लिए योजना एवं कार्यक्रम, स्थानीय नागारिकों के पलायन को रोके जाने के लिए किए जा रहे प्रयास सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की।राज्यपाल ने इस दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, उद्यान विभाग की योजनाएं, शिक्षा विभाग, टीकाकरण, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना,पशुपालन विभाग, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना/ जीवन ज्योति बीमा योजना, वृक्षारोपण सहित केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं में लक्ष्यों की समय पर उपलब्धि हासिल कर जरुरतमंदों को राहत प्रदान करें। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राष्ट्र और समाज की प्रगति के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास हो कि हर वर्ग के बालक-बालिका को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले।राज्यपाल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार योजना एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा करते हुए पेंशन एवं छात्रवृत्ति राशि का समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ग्राम में नल व विद्युत कनेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित करने और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी संवेदनशील रहकर केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करावे ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले।इस दौरान संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी,ा जिला कलक्टर अवधेश मीना, पुलिस अधीक्षक राजेश यादव,अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, सीएमएचओ डॉ महेन्द्र परमार, आयुर्वेद विभाग डॉ जितेन्द्र जोशी, जनसंपर्क विभाग पुष्पक मीणा, कृषि विभाग गोस मोहमद, टीएडी विभाग रागिनी डामोर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।


राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का सलूंबर विधायक शान्ता अमृत लाल मीणा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

## शिविर के लिए पंजीयन जारी

**उदयपुर, (कासं)।** सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र, उदयपुर द्वारा हैप्पी होम उ. मा. वि, प्रताप नगर, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 2 से 12 जून तक होने वाले "इन्द्रधनुष 2025 ग्रीष्मकालीन शिविर" के लिए पंजीयन शुरू हो गया है। विद्याथा संपर्क कर पंजीकरण फार्म भरकर पंजीकरण करवा सकता है। क्षेत्रीय केंद्र, उदयपुर परामर्शक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि हैप्पी होम उ.मा. वि. में इन्द्रधनुष 2025शिविर में प्रतिभागियों कोविषय विशेषज्ञ व शिल्पकारों द्वारा लोक नृत्य,बांधनी, प्राकृतिक अपशिष्ट के खिलौने बनाना का प्रशिक्षण रोजाना सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक दिया जाएगा।


**कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद**
**जिला-राजसमंद**

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2025-26/3150 दि. 22.5.2025

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजवीरसिंह झाला पिता श्री शिवसिंह झाला निवासी गोविन्दनगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, तहसील व जिला राजसमंद द्वारा पैतृक/खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/वाणिज्यक पट्टेशुदा भुखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम धोईन्दा के आराजी नं. 2769/1, 2770/1, 2769/2, 2770/2, पट्टा संख्या 1972 दिनांक 1.9.2015 भूखण्ड सं. 04 का क्षेत्रफल 1758.75 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रय शुदा/प्राप्त शुदा उक्त भूखण्ड सं. 04 का क्षेत्रफल 1758.75 वर्गफीट का उपविभाजन/ एकीकरण/ नामान्तरण/ तामीर स्वीकृति चाही गई है। जिसके पड़ौस निम्नानुसार है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | 30'0" | पड़ौस | रास्ता 30 फीट चौड़ा |
| पश्चिम | 30'00" | पड़ौस | आराजी सं. 2782 की भूमि |
| उत्तर | 58'9" | पड़ौस | भूखण्ड सं. 05 |
| दक्षिण | 58'9" | पड़ौस | भूखण्ड सं. 03 |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/एकीकरण/नामान्तरण/तामीर जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमंद



**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द ( राज. )**
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/तामीर/2025/2545 दिनांक : 27/05/2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस ) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का विवरण | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री कृष्णमोहन पिता श्री शिवकुमार | बडा गोपालपुरा, नाथद्वारा | प्रहलाद सनाढ्य का मकान | जैन छात्रावास | आम रास्ता | पुरूषोत्तम सनाढ्य का मकान |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा